# Elasticity of Demand - (5)

## मांग की लोच को प्रभावित करनेवाले तत्व
## Factors Influencing Elasticity of Demand

(1) वस्तु की प्रकृति (Nature of the Commodity)
→ प्रकृति के आधार पर वस्तुओं को तीन रुपों में विभाजित किया जा सकता है -

(i) आवश्यक वस्तुएँ के लिए मांग की लोच बेलोचदार होती है।

(ii) आरामदायक वस्तुए के लिए मांग की लोच ~~बेलो~~ साधारण लोचदार → ऐसी वस्तुओं के उपयोग से उपभोक्ता की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है किन्तु इनका अभाव उपभोक्ता की कार्य-शक्ति में विशेष कमी नही करता। ऐसी वस्तुओं के संदर्भ में कीमत में परिवर्तन मांग को आवश्यक वस्तुओं की अपेक्षा अधिक तो प्रभावित करता है किन्तु यह प्रभाव साधारण ही रहता है।

(iii) विलासिता की वस्तुओं के लिए मांग की लोच अत्याधिक लोचदार होती है → ऐसी वस्तुओं के संदर्भ में कीमत ~~के~~ परिवर्तन का मांग पर अत्याधिक प्रभाव पड़ता है।

(2) स्थानापन्न वस्तुएँ → यदि किसी वस्तु के अन्य स्थानापन्न उपलब्ध है तब ऐसी वस्तु की मांग की

लोच अत्यधिक लोचदार होगी क्योंकि जब किसी वस्तु की कीमत बढ़ जाती है तो उसके स्थान पर अन्य स्थानापन्न वस्तुओं का प्रयोग होने लगता है। इसी प्रकार वस्तु की कीमत में कमी होने पर अन्य स्थापन्न वस्तुएँ के स्थान पर इसका अधिक प्रयोग होने लगता है।

(3) वस्तु के वैकल्पिक प्रयोग →
यदि किसी वस्तु का केवल एक प्रयोग संभव हो तो उसकी मांग बेलोच होगी और यदि उसके कई प्रयोग संभव हो तो मांग लोचदार होगी।

(4) उपभोग स्थगन (Postponement of Consumption) → यदि किसी वस्तु का उपभोग कुछ समय के लिए स्थगित किया जा सकता है तो उसकी मांग लोचदार होती है।

(5) व्यय की राशि : → किसी वस्तु की मांग की लोच इस बात पर निर्भर करती है कि उपभोक्ता उस वस्तु पर अपनी आय का कितना प्रतिशत भाग व्यय करता है।

(6) आय : → आय स्तर की मांग की लोच को प्रभावित करता है।

(7) धन का वितरण : → Tauessing के

अनुसार यदि समाज में धन का असमान वितरण हो तो मांग की लोच बेलोच होती है, किन्तु यदि धन का वितरण समान हो तो मांग की लोच अत्याधिक लोचदार हो जाती है।

(8) स्वभाव एवं आदत →
यदि उपभोक्ता किसी वस्तु विशेष का अभ्यस्त हो चुका है तो उस वस्तु की कीमत बढ़ने पर भी उसका उपभोग कम नहीं करेगा ऐसी दशा में वस्तु की मांग बेलोच हो जाती है।

(9) समय का प्रभाव → प्रो॰ मार्शल ने समय अवधि का मांग की लोच पर प्रभाव स्पष्ट किया है। मार्शल के अनुसार वस्तु की कीमत परिवर्तन होने पर मांग पर तात्कालिक प्रतिक्रिया नहीं होती बल्कि मांग के परिवर्तित होने में समय लगता है। समय जितना कम होगा मांग की लोच उतनी ही अधिक बेलोचदार होगी। इसके विपरीत समय जितना अधिक होगा मांग की लोच उतनी ही अधिक लोचदार होगी।

Scanned by CamScanner